# शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड भूपेन्द्र सारण की "अधिगम कोचिंग" को जल्द ध्वस्त कर सकता है जेडीए




-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण ने जयपुर के गोपालपुरा बायपास पर "अधिगम कोचिंग" खोल रखी है, जिसे जेडीए प्रशासन जल्द ही ध्वस्त कर सकता है। शुक्रवार को जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी और उनकी टीम अचानक गुर्जर की थड़ी चौराहे पर स्थित अधिगम कोचिंग सेंटर पर पहुंची और नाम-जोख की। यह कोचिंग सेंटर पेपर लीक गिरोह के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण व उसके पार्टनर धर्मेन्द्र चौधरी व छाजूलाल जाट ने खोल रखी है। जिस बिल्डिंग में यह कोचिंग सेंटर चल रहा है, वह अनिल अग्रवाल निवासी 644, महावीर नगर प्रथम टोंक रोड जयपुर का रहने वाला है।

जेडीए मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी खुद शुक्रवार दोपहर 12 अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान जोन 5 के अधिकारी भी साथ रहे। टीम ने बिल्डिंग का तकनीकी परीक्षण किया। इस दौरान टीम ने एक-एक कमरा, बालकनी, छत की नाप-जोक की। जीरो सेटबैक को कवर कर करीब 10 फीट तक अतिक्रमण सामने आया, वहीं बिल्डिंग के तीन ओर सेटबैक को कवर करते हुए अवैध निर्माण पाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि "अधिगम कोचिंग" जिस बिल्डिंग में चल रही है। यह 4 मंजिला इमारत बिना जेडीए की अनुमति बनाई हुई है। यहां पर कई गंभीर बिल्डिंग बायलॉज का वॉयलेशन है।

- **जयपुर में गोपालपुरा बायपास पर स्थित इस 4 मंजिला व्यावसायिक इमारत को जांचने शुक्रवार को मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी पहुंचे**
- **जेडीए की बिना अनुमति दो आवासीय भूखंड़ों को जोड़कर बनाई गई है यह अवैध व्यावसायिक इमारत**
- **जेडीए टीम ने बिल्डिंग का तकनीकी परीक्षण किया तो यहां जीरो सेटबैक को कवर कर 10 फीट तक अतिक्रमण मिला**

यह व्यावसायिक इमारत आवासीय कॉलोनी के दो भूखंडों को मिलाकर जेडीए की बिना अनुमति बनी है। जिस में बेसमेंट के अलावा 4 मंजिला व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। शुक्रवार को जेडीए की प्रतर्वन टीम ने जयपुर विकास प्राधिकरण एक्ट की धारा 32 और 72 के तहत अलग-अलग नोटिस जारी किए है। सेटबैक पर निर्माण और सड़क पर अतिक्रमण को लेकर यह नोटिस जारी किए है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद जेडीए प्रशासन इस बिल्डिंग पर कार्रवाई कर सकता है।

## 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के लिए जिम्मेदारी सौंपी

**जयपुर**, (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार करते हुए आगामी 26 जनवरी से प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान प्रारम्भ होगा। अभियान को सफल बनाने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश के सभी जिलों में जिले के गाँव व ब्लॉकों में स्थानीय प्रमुख कांग्रेसजनों से समन्वय स्थापित करने के लिए जिला समन्वयक नियुक्त किए हैं।

अभियान आगामी 26 जनवरी से प्रारम्भ होकर दो माह तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने हेतु नियुक्त सभी जिला समन्वयक अपने से संबंधित जिले व जिले के अन्तर्गत आने वाले गाँव एवं ब्लॉकों में स्थानीय प्रमुख कांग्रेसजनों से समन्वय स्थापित कर अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करेंगे, साथ ही सभी समन्वयक अपने से संबंधित जिले में चलने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की एक विस्तृत रिपोर्ट राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भिजवाएंगे। जिला समन्वयकों में डॉ. खानू खाँ बुधवाली को जयपुर, डूंगरराम गेदर को जोधपुर, पंकज मेहता को झालावाड़, सुरेन्द्र दादरी को चूरू, सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत को भीलवाड़ा, रामसहाय बाजिया को श्रीगंगानगर, पवन गोदारा को बीकानेर, बृजकिशोर शर्मा को भरतपुर, महावीर सोगानी को अलवर, मंजू शर्मा को झुंझुनूं, रामसिंह राव को डूंगरपुर, किशनलाल जैदिया को हनुमानगढ़, कीर्ति भील को बाड़मेर, मीनाक्षी चन्द्रावत को चित्तौड़गढ़, राजेन्द्र सिंह सोलंकी को सिरोही, लक्ष्मण कड़वासरा को जैसलमेर, महेश शर्मा को टोंक, अवधेश दिवाकर बैरवा को करौली, सत्येन्द्र भारद्वाज को कोटा, मुमताज मसीह को अजमेर, मदन गोपाल मेघवाल को धौलपुर, उमाशंकर शर्मा को बूंदी, शंकर यादव को प्रतापगढ़, डॉ. अर्चना शर्मा को दौसा की जिम्मेदारी दी गई है।

## फिल्म "हू एम आई" को मिला सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म अवॉर्ड



**जयपुर** । जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जेआईएफएफ) 2023 में राइट क्लिक प्रोडक्शन की फिल्म 'हू एम आई '(कोअहम) को बेस्ट फीचर फिल्म के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में रेड कार्पेट ओपनिंग सेरेमनी एन्ड अवार्ड सेरेमनी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर हू एम आई के डायरेक्टर शिरीष खेमरिया ने सुप्रसिद्ध एजुकेशनिशट जयश्री पालीवाल के हाथों से अवॉर्ड ग्रहण किया। इस दौरान हू एम आई की पूरी टीम मौजूद थी। फिल्म के प्रोड्यूसर शिरीष प्रकाश, मुख्य एक्टर अभिनेता चेतन शर्मा और ऋषिका चांदनी के अलावा फिल्म के क्रिएटिव एडवाइजर डॉ. आलोक प्रकाश और एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर डॉ हेमेंद्र शर्मा मौजूद थे।

फिल्म के क्रिएटिव एडवाइजर डॉ आलोक प्रकाश ने बताया की पांच दिन तक चलने वाले इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हू एम आई 9 जनवरी को जीटी सैंट्रल स्थित आयनॉक्स में स्क्रीनिंग की जाएगी। और 27 जनवरी को देशभर में रिलीज होगी। फिल्म के डायरेक्टर शिरीष खेमरिया ने बताया कि हू एम आई अब तक लंदन, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, स्पेन, कनाडा, इस्त्राइल और जर्मनी के प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में प्रदर्शित हो चुकी है या फिर स्क्रीनिंग के लिए चयनित की जा चुकी है, जहां इसे तारीफ के साथ कई पुरस्कार मिले है।

# सांगानेर में प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश सभा में उमड़ा जनसैलाब

**जयपुर**। सांगानेर में आयोजित जनाक्रोश महासभा में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, विधायक डॉ.अशोक लाहोटी जयपुर लोकसभा सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा उपस्थित रहे।

सांगानेर विधानसभा में जन आक्रोश महासभा को संबोधित हुए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि राजस्थान की जनता भ्रष्टाचारी अशोक गहलोत सरकार छुटकारा चाहती है, बदलाव चाहती है, कांग्रेस झूठे सपने दिखाकर सत्ता में आई, प्रदेश में शिक्षा और रोजगार का बुरा हाल, परीक्षा का पेपर लीक हो जाता है, परिणाम रद्द हो जाता है, यह प्रदेश के नौजवानों के साथ धोखा है राणा वीरों की धरती राजस्थान ब्लात्कार, अपराध घटनाओ में राजस्थान देश मे सबसे आगे है, प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है, राज्य सरकार ने 7 करोड़ जनता द्वारा दिये गए जनाधार का अपमान किया। प्रदेश में सरकार के प्रति जनता में हेट का वातावरण है, राजस्थान में भ्रम पैदा करने का काम किया जा रहा है, टुकड़े-टुकड़े गैंग को सरंक्षण मिलता है, कांग्रेस और देश विरोधियों के बीच रिश्ता क्या है। देशवासी के हृदय में स्थान बनाया और राजस्थान में 2023 में भाजपा की सरकार बनेगी और डबल इंजन की सरकार राजस्थान का सर्वेंगींण विकास करेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर बोलते हुए कहा कि यात्रा राहुल गांधी की ट्रेडमिल पर दौड़ना जाने वाली यात्रा है और इसका कोई लक्ष्य नहीं है, कांग्रेस पूरे देश में वेंटीलेटर पर है और राजस्थान में कांग्रेस सरकार की सांसें अटकी हुई हैं, जो कभी भी उखड़ सकती हैं।



**कांग्रेस सरकार के कुशासन एवं जंगल राज के खिलाफ भाजपा सांगानेर विधानसभा द्वारा जनाक्रोश महासभा का आयोजन किया गया। इसमें ( बायें से ) विधायक अशोक लाहौटी, राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग और जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा मौजूद थे।**

## दो जिलों में 11 नए करोना संक्रमित मिले शुक्रवार को

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में शुक्रवार को दो जिलों में 11 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं केवल सात मरीज ही रिकवर होने से एक्टिव केस बढ़कर 75 हो गए हैं। हालांकि इस बीच राज्य में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

- **इनमें जयपुर में 10 और सीकर में 1 नया मरीज पाया गया है।**

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में 10 और सीकर में 1 नया संक्रमित मिला है। इससे पहले गुरूवार को राज्य में इतनी ही संख्या में रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज सात स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक बस्सी में 3 मरीज सामने आए हैं।

इसके अलावा बनीपार्क, चाकसू, मालवीय नगर, मानसरोवर और प्रताप नगर में 1-1 नया मरीज पाया गया है। वहीं 2 मरीजों का पता गलत मिलने पर उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका है। इस बीच प्रदेश में 6216 सैंपल की जांच की गई। राज्य में शुक्रवार को 7 ही मरीज ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 75 हो गए हैं। इनमें 70 मामले जयपुर में हैं।

## शिमर वेडिंग एंड गिफ्ट एक्सपो शुरू

**जयपुर** । उभरते फैशन डिजाइनर्स के स्टाइलिश और यूनिक कलेक्शन से सजी शिमर वेडिंग एंड गिफ्ट एक्सपो का उद्घाटन शुक्रवार को इनकम टेक्स कमिश्नर रोली अग्रवाल ने किया।

वैशाली नगर स्थित केसर बाग में संजोई गई इस दो दिवसीय एग्जीबिशन में देश के कई राज्यों से आए फैशन डिजाइनर्स ने अपना खास क्रिएशन शोकेस किया है। इनमें पार्टी वियर ड्रेसेज, शिफॉन व सिल्क ड्रेसेज, पशमीना शॉल, सटोल्स और कोट्स, ज्वेलरी की क्लासिक जडाऊ कुंदन, सेमी प्रेशियस, पर्ल, गोल्ड, सिल्वर, रजवाडा ज्वेलरी की विशाल रेंज डिस्प्ले की गई है। फेस्टिव सीजन व मकर संक्रांति के मद्देनजर एक्सपो में विभिन्न गिफ्ट्स आइट्म्स की भी विशाल रेंज देखने को मिली। साथ ही घर को तरोताजा लुक और पॉजिटिविटी फील देने के लिए लाइव प्लांट्स, होम डेकोर प्रोडक्ट्स इको फ्रेंडली, सस्टेनेबल, नेचुरल डाई की फैब्रिक्स के साथ पार्टी वियर, जिनमें राजपूती पोशाक, डिजाइनर साडी, इंडोवेस्टर्न फयूजन कलेक्शन भी विजिटर्स को लुभा रहे हैं।

## 8 डकैत पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व ने कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बनाते हुए आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने तीन देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, अधिक मात्रा में लोहे के पाइप सरिया सहित एक कार बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व डॉ. राजीव पचार ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व ने कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बनाते हुए सीताराम मीणा दयानंद नगर झालाना डूंगरी, सुरेन्द्र शर्मा उर्फ बंटी निवासी शिव कॉलोनी झालाना डूंगरी,देवेन्द्र सिंह निवासी झालाना डूंगरी, अमित बोहरा निवासी मान-टाउन जिला सवाई माधोपुर हाल जगतपुरा, शाहनवाज उर्फ सोनवाल निवासी झालाना डूंगरी जयपुर, टिंकू उर्फ देवा मीणा निवासी आमेर जिला जयपुर, मोहन चौधरी निवासी चौमू जिला जयपुर और राज मीणा उर्फ देवकी निवासी विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तीन देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, लोहे के पाइप सरिया समते कार बरामद की है।

# बिना एंडोस्कोपी अब थ्री डी इमेज से पेट में ट्यूमर की पहचान होगी

- **इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरॉलजी की ओर से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसजीकॉन-2023 में डॉक्टर्स ने नई जानकारी साझा की**

**जयपुर**,(कासं)। पेट में किसी तरह के ट्ययूमर या अल्सर का पता करने के लिए अब एंडोस्कोपी की जरूरत नहीं होगी। सिनेप्स नाम की तकनीक से अब बिना एंडोस्कोपी भी ट्ययूमर या पॉलिप का पता किया जा सकता है। इस तकनीक से थ्री डी इमेज से पेट की अंदरूनी संरचना देखी जा सकती है। इंडियन सोसायटी ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी की ओर से सीतापुरा स्थित जेईसीसी में चल रही चार दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसजीकॉन-2023 में डॉक्टर्स ने ऐसी ही नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और सीनियर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. रमेश रूप राय ने बताया कि दूसरे दिन पीजी स्टूडेंट्स ने पोस्टर प्रदर्शित किए।

आयोजन सचिव डॉ. संदीप निझावन और ट्रेजरार डॉ. मुकेश कल्ला ने बताया कि हैदराबाद के डॉ. संदीप लखटकिया, कोलकाता के डॉ. महेश गोयंका और लुधियाना के डॉ. अजीत सूद के ऑरेशन सेशन हुए। जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. अनुराग गोविल, डॉ. अमित माथुर और डॉ. सुनील दाधीच ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सेशन भी आयोजित किया गया।

डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि इमेजिंग से जुड़े क्षेत्र में एक नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाने लगा है, इसे सिनेप्स कहा जाता है। इस तकनीक की मदद से उन मरीजों को लाभ होता है, जिन्हें सामान्य जानकारी चाहिए होती हैं, एंडोस्कोपी नहीं कराना चाहते हैं। वे साधारण सीटी स्कैन से यह करवा सकते हैं। यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस बेस्ड मशीन होती है।

## अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश


**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती-2022 के 1155 पदों के मामले में कोविड सहायक के तौर पर काम कर चुके अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने इन्हें बोनस अंक का लाभ देने को कहा है। अदालत ने कहा कि कोविड के दौरान इन्होंने विषय परिस्थितियों में काम किया है। ऐसे में इन्हें भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता भी मिलनी चाहिए। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश मंजू देवी की याचिका पर दिए।


याचिका में कहा कि याचिकाकर्ता के पास एएनएम का डिप्लोमा है और उसने कोविड के दौरान 26 जुलाई 2021 से 31 मार्च 2022 तक कोविड सहायक के पद पर भी काम किया है।

## नर्सिंग अधीक्षक मीना का सम्मान

**जयपुर** । राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार-2021 से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक राम प्रसाद मीना को सम्मानित किया गया। नर्सेज़ नेता मनोज दुब्बी ने बताया कि समारोह में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष श्याम सिंह व जयपुर जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह चौधरी तथा एसोसिएशन की कार्यकारिणी के सदस्यों तथा वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी व नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे।

# महाराज देवराज सिंह की पुस्तक का विमोचन






**जय महल पैलेस होटल में आयोजित भव्य बैठक में महाराज देवराज सिंह द्वारा रचित पुस्तक 'दूल्हा राय'ज कॉन्क्वैस्ट ऑफ दौसा, द अर्ली हिस्टरी ऑफ द कछवाहाज' का विमोचन किया गया। महाराज देवराज सिंह, महारानी गायत्री देवी और महाराज मानसिंह के पोते हैं और उन्होंने अपनी किताब के जरिये कछवाहा राजवंश के प्रारंभिक इतिहास के बारे में विस्तार से लिखा है। इस किताब में कछवाहा राजवंश के ढूढ़ाड़/जयपुर पर फतेह पाने से पहले के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया गया है। यह शायद कम ही लोगों को पता होगा कि कछवाहा राजवंश ढूढ़ाड़ से पहले ग्वालियर और नरवर क्षेत्र पर राज्य कर रहे थे। महाराज देवराज सिंह ने उनके पूर्वज दूल्हा राय की मध्यप्रदेश के ग्वालियर क्षेत्र से राजपूताना के ढूढ़ाड़ क्षेत्र में काबिज होने की गाथा का वर्णन किया है। उन्होंने दूल्हा राय के पराक्रम को वर्णित किया है। दूल्हा राय को कछवाहा राजवंश का जनक भी कहा जाता है और इस किताब में उनका राजपूताना में सामरिक व सत्तात्मक चरम शिखर तक पहुंचने के इतिहास के बारे में लिखा गया है, जिसमें दौसा के किले पर उनकी फतेह को सबसे महत्वपूर्ण बताया गया है।**

# अफ्रीका भेजी जा रही 12 नेपाली लड़कियों का एयरपोर्ट पर रेस्क्यू

## अलग-अलग टैक्सी लेकर जयपुर एयरपोर्ट पहुंची थी युवतियां, पहले से तैनात पुलिस ने हिरासत में लिया

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर एयरपोर्ट पर एक बार फिर मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) का मामला सामने आया है। पुलिस ने एयरपोर्ट से 12 नेपाली लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है। इन्हें अफ्रीका महाद्वीप के इथियोपिया ले जाया जा रहा था।

दरअसल, एयरपोर्ट थाना पुलिस को नेपाल एंबेसी के जरिए इन लड़कियों के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद डीसीपी राजीव पचार ने शुक्रवार को एयरपोर्ट पर एक टीम तैनात की। टीम तत्काल प्रभाव से नेपाली लड़कियों से पूछताछ कर उन्हें थाने ले आई। इन लड़कियों ने बताया कि वह नेपाल से पैसा कमाने के लिए दिल्ली आई थी। यहां उन्हें कुछ लोगों ने विदेश भेजने और वहां पैसा कमाने की बात कही। इस पर सब राजी हो गई। सभी लड़कियां नेपाल के अलग-अलग जिलों की रहने वाली हैं। इन्हें अभी जयपुर के महिला निकेतन में रखा जाएगा, बाद में सीनियर ऑफिसर्स के साथ नेपाल भेज दिया जाएगा। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि जैसे ही उन्हें लड़कियों की तस्करी की जानकारी मिली, तब सादी वर्दी में पुलिस ऑफिसर एयरपोर्ट के आसपास तैनात किए गए। सभी लड़कियां अलग-अलग टैक्सी से अकेली एयरपोर्ट पहुंचीं। सभी से पूछताछ में पुलिस को ह्यूमन ट्रैफिकिंग की जानकारी मिली। लड़कियों के अकेले होने से पुलिस उन लोगों तक नहीं पहुंच पाई, जो इन्हें विदेश भेज रहे थे। एयरपोर्ट थाने के सब इंस्पेक्टर दिगपाल सिंह ने बताया कि यह लड़कियां हिंदी और इंग्लिश नहीं जानती हैं। इन्हें केवल नेपाली भाषा आती है, इसलिए एंबेसी से संपर्क कर रहे हैं। उन्हीं लोगों के डायरेक्शन पर इन लड़कियों का रेस्क्यू किया गया। ज्ञात रहे कि करीब एक महीने पहले भी जयपुर एयरपोर्ट पर दो युवतियों को रेस्क्यू किया गया था। दोनों युवतियों को जबरदस्ती दुबई ले जाया जा रहा था। दोनों को नेपाल से दिल्ली नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाया गया था।

दिल्ली एयरपोर्ट पर सख्ती होने के कारण इन्हें जयपुर लाया गया था। उन दोनों युवतियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि वे दिल्ली में नौकरी के लिए पहुंची थी। जहां उन्हें नौकरी के लिए दुबई भेजने की बात कही गई, इस पर कुछ युवतियों ने अपने परिवार से संपर्क करने की कोशिश की थी। तब पूरा मामला सामने आया था।

## मांझे से कटकर तीन लोग घायल

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में चाइनीज मांझा अपना कहर बरपाने लग गया है। इसके चलते शुक्रवार को इससे घायल होकर तीन लोग एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर इलाज के लिए पहुंचे।

ट्रोमा सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में पिंक स्क्वायर मॉल के सामने से बाइक सवार किशन मीणा जा रहा था।

इस दौरान पंतग के साथ चाइनीज मांझा उसके गले से होकर निकला। इससे उसका हाथ और गला कट गया। उसने इलाज के लिए तुरंत एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया। जहां उसके गले और हाथ पर टांके लगाकर डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। वहीं इसी तरह शाम को पंतग के मांझे से घायल होकर दो और मरीज आए। इनमें मांझे से एक की नांक पर तथा दूसरे का गला कट गया।

- **तीनों को एसएमएस के ट्रोमा सेंटर में इलाज के बाद घर भेजा**

दोनों के टांके लगाकर घर भेज दिया गया। उधर जिला प्रशासन ने चाइनीज मांझे की खरीद-फरोख्त पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है।

## 'मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ.अर्चना शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की द्वितीय साधारण सभा का आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंबेडकर भवन स्थित सभागार में हुआ।बैठक में राज्य बोर्ड द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन प्रारम्भ करने के लिए गुड टच- बैड टच कार्यशाला, महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान वर्क फ्राम होम के प्रावधान , अन्तर्राष्ट्रीय भाषा शिक्षण केन्द्र की स्थापना आदि विभिन्न प्रस्ताव प्रशासनिक विभाग के माध्यम से स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।